खंड 6 – समाज और संस्कृति

रागमाला
एवं
बन्दूक पकड़े नूरजहाँ का एक चित्र, अबुल हसन नादिरुज़ ज़मानी द्वारा चित्रित।

साभार: **Ruby Lal, *Empress The Astonishing Reign of Nur Jahan*, India Viking, Delhi 2018**

इकाई 16 दरबारी संस्कृति*

इकाई की रूपरेखा

16.0 उद्देश्य

16.1 प्रस्तावना

16.2 दरबारी संस्कृति के अध्ययन के लिए प्रासंगिक स्रोत

16.3 सत्रहवीं शताब्दी में राजत्व और सम्प्रभुता की धारणाऐं

16.4 दरबार की विशेषताऐं

  16.4.1 दरबार में स्थान और समारोह

  16.4.2 कुलीन वर्ग और शाही परिवार

16.5 शाही शिविर

16.6 वस्त्र और पोशाक

16.7 उपहार

16.8 शब्दाडंबर

16.9 सारांश

16.10 बोध प्रश्नों के उत्तर

16.0 उद्देश्य

यह इकाई आपको यह जानने में सक्षम करेगी:

- भारत में प्रारंभिक आधुनिक दरबारी संस्कृति के अध्ययन के लिए प्रासंगिक स्रोत;
- प्रारंभिक आधुनिक भारत में सम्प्रभुता और राजत्व की धारणाएँ; और
- दरबार की विशेषताएँ और इसकी प्रथाएँ।

16.1 प्रस्तावना

भारतीय उपमहाद्वीप में प्रारंभिक आधुनिक दरबारी संस्कृति मुगल परंपराओं से गहराई से प्रभावित थी। पद्रंहवीं शताब्दी के मध्य से, और सूरवंश के संक्षिप्त अंतराल के साथ, मुगलशासकों, बाबर, हुमायूँ और अकबर को एक मजबूत मुगल राज्य बनाने के लिए, अपने शासन को वैध बनाने के लिए, अवधारणाओं और समारोहों के एक समुच्चय की आवश्यकता थी जिसका भू–राजस्व निष्कासन तथा प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्थाकरण के प्रभावित अन्तर के साथ सयोजन किया जा सके। सत्रहवीं शताब्दी की शुरूआत तक, मुगलों के साम्राज्य में एक अलग दरबारी संस्कृति थी जो मध्य एशियाई, मंगोल और भारतीय प्रथाओं का सम्मिश्रण थी।

*डॉ. प्रसुन चटर्जी, डिप्टी हेड ऑफ पब्लिकेशन्स, प्राइमस बुक्स, दिल्ली।

इनमें न केवल राजत्व और सम्प्रभुता की धारणाएँ (**बी एच आई सी–109 इकाई 8 और 9 में चर्चा की गई है**) शामिल थी, बल्कि स्थान और वास्तुशिल्प का उपयोग, इन परंपराओं को बनाए रखने के लिए और शासक की सत्ता के साथ–साथ मुगल साम्राज्य की राजनैतिक, सैन्य और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विशिष्ट रीतियों और अनुष्ठानों का उपयोग भी शामिल था। अठाहरवीं शताब्दी तक, मुगल दरबार के इन अनुष्ठानों और परंपराओं में से कई को राजपूतों, मराठों, हैदराबाद के निजाम और दक्षिण भारत के कई अन्य राज्यों की उभरती शक्तियों द्वारा अपना लिया गया था। इन दरबार समारोहों और इनके इर्द–गिर्द की संस्कृति की प्रतीकात्मक प्रभावशीलता ऐसी थी कि अठाहरवीं शताब्दी के अन्त तक ब्रिटिश उन्हें नकारने या अपने शासन की स्थापना में उनका अधिग्रहण करने के लिए तैयार थे।

16.2 दरबारी संस्कृति के अध्ययन के लिए प्रासंगिक स्रोत

भारतीय उपमहाद्वीप में प्रारंभिक आधुनिक दरबारी संस्कृति के विभिन्न पहलूओं के गुण अच्छी तरह से जानने के लिए, हमें न केवल मुगल राज्य के दरबारी इतिवृत्तों बल्कि यूरोपीय लोगों के यात्रा वृत्तांतों, दस्तूर कौमवार अर्थात राजपूत राज्यों के उपहारों और लेन–देन के रिकार्ड या मराठों के दफ्तर रिकॉर्ड की जाँच–पड़ताल भी जरूरी है। जबकि इन स्रोतों से संबंधित दरबार के रीति–रिवाजों और समारोहों के पाठ्य उद्दरणों को देखना महत्वपूर्ण है, वहीं उपलब्ध दृश्य सूचना को जाँचना भी अनिवार्य है। उस समय के अन्य राज्यों के मुगल लघु चित्र और चित्रकारियाँ प्रारंभिक आधुनिक काल के दौरान दरबारी संस्कृति के बारे में एक अच्छी जानकारी प्रदान करते हैं। *आइन–ए अकबरी, जहाँगीर नामा* और इनायत खान या लाहौरी के *शाहजहाँनामा* में शाही दरबार और परिवार के बारे में ऐसा विस्तृत वर्णन है, जो मुगल दरबार के आचरण के मानदंडों और बादशाह और उसके परिवार द्वारा प्रदायित सत्ता और प्रभाव के विभिन्न सन्केंन्द्रित वृत्तों को समझने में सहायक हो सकता है, और यह हमें कुलीनवर्ग और प्रशासनिक इकाईयों और अधिकारियों के व्यवस्थितकरण के बारे में बताता है। दृश्य सामग्री इन प्रथाओं में से कई की पुष्टि करती है और हमें शाही दरबार की संस्कृति में पदानुक्रमों और उनके स्थानिक प्रसार का अर्थ समझने के अलावा दरबार के विशेष परिवेश के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रंगों, सामग्री और डिजायनों से हमें अवगत कराती है। जहाँगीर काल के दौरान दरबारी संस्कृति के दो बहुत महत्वपूर्ण स्रोत सर विलियम हाकिन्स और सर थॉमस रो के वृत्तांत हैं। कई अन्य लोगों के साथ पीटर मुन्डी का वृत्तांत हमें जहाँगीर के दरबार का लेखा–जोखा प्रस्तुत करता है। सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में औरंगजेब के समय में हमें दरबारी संस्कृति के बारे में बर्नियर, टेवरर्नियर और मानुचि के साक्ष्य मिलते हैं। अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कम्पनी के फैक्टरी के रिकार्डस में भी ऐसी दिलचस्प घटनाएँ दर्ज हैं, जो उस तरीके पर प्रकाश डालती हैं जिसके माध्यम से उन्होंने मुगल सम्राट को दरबार में उपहार दिये या तटीय भारत में व्यापार करने या फैक्ट्रियों की स्थापना की अनुमति लेने की कोशिश की। बाद में, ब्रिटिश और अन्य भारतीय रियासतों ने सत्रहवीं शताब्दी की कई शाही प्रथाओं को अपनाया। इसलिए, अठाहरवीं शताब्दी के अन्त और उन्नसीवीं शताब्दी में दरबार हॉल की अवधारणा और उसका चित्रण जैसी प्रथाएँ और छवियाँ हमें प्रारंभिक आधुनिक युग की संस्कृति की दरबारी प्रथाओं का एक अतिरिक्त अर्थ भी प्रदान करती हैं।

16.3 सत्रहवीं शताब्दी में राजत्व और सम्प्रभुता की धारणाएँ

मुगल साम्राज्य का निर्माण बाबर, हुमायूँ और अकबर के द्वारा तुर्की–मंगोल के वंशज होने के आधार पर किया गया था। उन्होंने अपने वंश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए चंगेज खान और अमीर तैमूर दोनों के वंशज होने का दावा किया। शाहजहाँ का समय आते–आते तुरा के पृष्ठभूमि में जाने से पहले मुगल बादशाहों द्वारा मंगोलों के अथवा राजकीय नियमों के सार का अनुसरण किया गया था। निरकुंश शासक और एक केन्द्रीयकृत राजनैतिक सैन्य कमान प्रणाली की भावना वहीं से ली गई थी। अकबर ने अपने चगताई संबंधों को बहुत महत्व दिया था, इस समय के आस–पास मुगल शासन दैवीय प्रकाश (फर–ए–ईजादी) के मूर्त रूप होने की बादशाह की परंपराओं से प्रभावित था, जिसके परिणामस्वरूप मुगल शासन को एक दैवीय वैधता प्राप्त हुई। मुगलों में ज्येष्ठाधिकार के स्पष्ट नियम की कमी के कारण उत्तराधिकार की एक नाजुक प्रकृति ने दरबारी संस्कृति और राजस्व की धारणा ने सिंहासन पर कायम होने वाले नये बादशाह को शासन करने की वैधता और प्रारंभिक आधुनिक राज्य के विभिन्न तत्वों को नियंत्रित करने की कमान प्रदान की। सत्रहवीं शताब्दी के दौरान क्षेत्रीय विस्तार और भव्यता के मामले पर मुगल साम्राज्य अपनी चरम सीमा तक पहुँच गया और अब तक इस भौतिक सुदृढ़ीकरण के संयुक्त प्रभाव के साथ–साथ दरबार के विस्तृत समारोहों और इसकी भव्यता ने साम्राज्य को राजत्व और सत्ता के लिए आधार प्रदान किया (विवरण के लिये **बी एच आई सी 109 की इकाई 8 व 9 देखें**)।

बोध प्रश्न 1

1) शाही दरबार के आख्यानों के अलावा प्रारंभिक आधुनिक दरबारी संस्कृति की जाँच पड़ताल के प्राथमिक स्रोत क्या हो सकते है?

....

....

....

....

....

2) भारतीय उपमहाद्वीप में अपना शासन स्थापित करने के लिए मुगलों द्वारा राजत्व और सम्प्रभुता की पारंपरिक धारणाओं को कैसे रूपान्तरित किया गया? क्या अबुल फजल के *अकबर–नामा* ने इस रूपान्तरण में कोई भूमिका निभाई?

....

....

....

....

....

16.4 दरबार की विशेषताएँ

मध्यकालीन भारत की दरबारी संस्कृति सम्मिश्रित थी। मुगल दरबार की संस्कृति राजनैतिक संस्कृति की कई परंपराओं पर खड़ी की गई थी। इसने विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों पर सत्ता और नियन्त्रण स्थापित करने के लिए स्थानीय परंपराओं का प्रमुख मध्य–एशियाई समारोहों के साथ मिश्रण किया था। प्रारंभिक आधुनिक दरबारी संस्कृति मानदंडों और लीलाओं के एक नवाचारी समुच्चय के रूप में विकसित हुई, जिसने दूर–दराज के क्षेत्रों और उनकी अपकेन्द्री प्रवृत्तियों को नियंत्रित रखने की कोशिश की। दिलचस्प बात यह है कि दरबार के कुछ समारोहों को उन शक्तियों–मराठा, ब्रिटिश द्वारा अपनाया गया था, जिन्होंने पूर्ववर्ती मुगल–साम्राज्य के क्षेत्रों पर अपनी सत्त को दोहराने के लिए मुगल राज्य को चुनौती दी थी। इन प्रथाओं को प्रमुख राज्य जैसे जयपुर के राजपूत राज्य और केरल और तमिलनाडू की सीमाओं पर पुदुकोटाई जैसे कई छोटे राज्यों द्वारा भी अपने शासन के लिए वैधता हासिल करने के लिए चयनात्मक रूप से अपनाया गया था।

16.4.1 दरबार में स्थान और समारोह

मुगल दरबार एक ऐसा स्थान था जिसे पद और संबंधित जिम्मेदारियों के अनुसार नियत किया गया था। किले के परिसर के भीतर विभिन्न क्षेत्रों को बादशाह और उसके परिवार के निवास को इन मानदंडों के अनुसार व्यवस्थित किया गया था। आगरा किले जैसे किले के परिसरों में अकबर के समय में, प्रवेश द्वार से दीवाने आम तक सीधा पहुँचा जा सकता था। यह वह स्थान था जहाँ मुगल बादशाह दिन के निश्चित घंटों के दौरान मनसबदारों, उच्च स्तर के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों या उन लोगों से मिलते थे, जो विशिष्ट कारणों से बादशाह के दर्शनों के अभिलाषी होते थे इसलिए, उदाहरण के लिए, जब थॉमस रो जहाँगीर के दरबार में चलकर आए तो उन्होंने पहले बाहरी घेरे पर सम्मान प्रकट किया, जहाँ आम लोग और निचले अधिकारी खड़े थे। फिर दूसरे घेरे पर सिर झुकाया जहाँ कुलीन जनों की उपस्थिति थी और तीसरी बार जब वह बादशाह के सिंहासन के नीचे पहुँच गये जो ऊँचाई पर स्थित था। प्रजाजन वहीं तक जा सकता था जहाँ तक उसे अपने पद के अनुसार अनुमति दी जाती थी।

इसके विपरीत, कुछ चुनिंदा अभिजात्य मनसबदारों, और बादशाह के निजी मेहमानों के लिए निजी तौर पर दर्शन देने के लिए आगरा के किले या शाहजहाँनाबाद में लाल किले के दीवाने खास (जिसे पहले गुसलखाना के रूप में जाना जाता था) को शाही निजी आवास और हरम् के नजदीक बनाया गया था। अबुल फज़ल और अन्य इतिवृतकारों के विवरण के अतिरिक्त, हमें सर विलियम हाकिन्स और सर थॉमस रो जैसे उच्च पदस्थ राजदूतों से निजी दर्शनों का विवरण मिलता है, जब उन्हें दीवाने खास में बादशाह जहाँगीर के साथ रात के खाने या पेय के लिए आमंत्रित किया गया था।

चाहे आगरा में हो या शाहजहाँनाबाद में, योजनाबद्ध शहरी विस्तार में किले को कुछ इस तरह से बनाया गया था कि शासक की सत्ता बाजार में लोगों को स्पष्ट रूप से दृष्टि गोचर हो, उदाहरण के लिए लाल किले की भव्य संरचना के ठीक सामने चाँदनी चौक। किले के दरवाजों के माध्यम से और फिर दीवाने आम तक पहुँच की स्थानिक योजना, साम्राज्य के ब्रह्माण्ड विज्ञान में, शासक के महत्व पर जोर देने के लिए बनाई गई थी। नक्कारखाना जैसी संरचनाऐं जहाँ संगीतकारों को, विशिष्ट संगीत वाद्य यंत्रों के एक बड़े संग्रह के उपयोग के

माध्यम से, बादशाह के आगमन या प्रस्थान या अन्य अवसरों की घोषणा करने के लिए रखा गया था, उसने भी मुगल सत्ता की भव्यता में वृद्धि की। दरबार के काम–काज की इसी तरह की स्थानिक और प्रथागत व्यवस्था को जयपुर, हैदराबाद और मराठा दरबारों में भी देखा जाता था।

इस व्यवस्थित स्थान में सम्राट और उनके दरबार की सत्ता के प्रतीक स्पष्ट रूप से उकेरे गए थे। अबुल फजल *आइन–ए–अकबरी* में राजसी सत्ता के चिन्हों का विशिष्ट रूप से वर्णन करता हैं। वह कहता है कि राजसी सत्ता के मेहराब का शमसा एक दिव्य प्रकाश है, जो सम्राट तक पहुँचता है, और राजा वैभव के शौकीन होते हैं क्योंकि वे इसे दैवीय महिमा की छवि मानते हैं। राजाओं द्वारा विशेष रूप से उपयोग किये जाने वाले प्रतीक चिन्ह थेः 1) औरंग या सिंहासन, 2) रत्नों से सुशोभित छत्र, 3) सम्राट को धूप से बचाने के लिए एक परिचारक द्वारा पकड़ा जाने वाला सायबान या एक गज लम्बा जरी वस्त्र, 4) कावकाबा जो असेम्बली हॉल में लटकाये जाते थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के ध्वज और मानक होते थे, जिनका उपयोग कुछ बहुत विशिष्ट उद्देश्यों जैसे उत्सव या युद्ध के लिए किया जाता था।

चित्र एवं आभारः Shashank Shekhar Sinha, The Jharokha in Shahjahanabad from where the Emperor appeared before the People of Hindustan
https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=10212709986322512&id=1172148635)

दरबार और बादशाह से जुड़ी भौतिक प्रथाओं ने साम्राज्य की व्यवस्था में सहायता की। मुगल बादशाह की सत्ता की दृढ़ स्थापना का मतलब यह भी था कि मंगोल खान या उनके अमीर को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जाए, जो भगवान के मार्ग पर अपने प्रजाजनों का मार्ग दर्शन कर सकता था, एक ऐसी धारणा जिसे बाबर ने चंगेज खान और अमीर तैमूर की अपनी वशांवली से प्राप्त करने का दावा किया था। उससे अलग अब शासक ईश्वर के दिव्य प्रकाश का मूर्त्तरूप बन रहा था, एक फारसी धारणा की तर्ज पर जिसने बादशाह को बहुत ऊँचे स्थान पर रखा। झरोखा दर्शन की प्रथा में यह धारणा प्रमुख हो गई, जिसमें बादशाह अपने अनुयायियों को आगरा किले या लाल किले की दीवारों पर एक विशिष्ट स्थान से हर सुबह देवत्व के समान दर्शन देते थे। तुराह के अनुसार आदर्श नेता से देवत्व की मूर्ति रूप में यह बदलाव सोलहवीं शताब्दी के अन्त तक हुआ था, जिसने मुगल शासक के लिए वैधता के एक नये युग की शुरूआत की और दरबार को भी उसी के अनुसार उन्मुख किया। जहाँगीर और शाहजहाँ के समय की मुगल चित्रकारी न केवल उन्हें एक उच्च्व आसन पर आसीन दिखाती है, बल्कि बादशाह के सिर के पीछे एक प्रभा मंडल भी दर्शाती है। यह सत्रहवीं शताब्दी के

पूर्वार्द्ध में साम्राज्य के विस्तार और भव्यता के अनुरूप है जब तक कि औरंगजेब के शासन के दौरान बादशाह की एक नेक चलन और इस्लाम के अनुयायी के रूप में इस छवि में एक और बदलाव नहीं आया था।

मुगलों की दरबारी संस्कृति साम्राज्य में मौजूद विविध परपराओं के संकलन वृत्ति की धारणा को पेश करने के लिए भी तैयार थी। मुगल बादशाह अकबर और जहाँगीर और कुछ हद तक शाहजहाँ अपने शाही दरबार को अपनी प्रजा की मान्यताओं और प्रथाओं में अन्तर को प्रदर्शित करने के एक स्थान के रूप में पेश करना चाहते थे। हाल के एक अध्ययन ने यह भी सुझाव दिया है कि मौलवियों, पुजारियों और आध्यात्मिक नेताओं जैसे कि जेसुइट, योगियों, सूफियों के साथ–साथ उलेमा के साथ, फतेहपुर सीकरी या आगरा किला या अन्य शाही राजधानियों में बादशाह द्वारा आयोजित इन लोगों की चर्चाएँ शासन के लिए दैवीय वैधता प्राप्त करने के लिए केवल एक उपकरण नहीं थे बल्कि यह स्वीकारोक्ति और राज्य निर्माण के लिए एक स्थान बनाने के लिए की गई एक कोशिश भी थी।

इनमें से कई प्रथाओं को बाद में जारी रखा गया और बाद की शक्तियों द्वारा अनुकूलित किया गया। मराठों ने मुगल बादशाह की वैधता पर आधारित अधिकांश उत्तर भारत पर शासन किया और राज्य के रक्षक के रूप में कार्य किया। अंग्रेजों ने भारत में अपने शासनकाल के दौरान दरबारों की अवधारणा का उपयोग औपनिवेशिक भवनों में तदानुक्रम के लिए स्थान, आकार और दूरी की भावना की प्रतिकृति के साथ किया।

16.4.2 कुलीन वर्ग और शाही परिवार

मुगल कुलीन वर्ग को इस प्रकार आकार दिया गया था और मनसबदारी प्रणाली का विकास इस प्रकार से किया गया था ताकि यह दरबारी संस्कृति और साम्राज्य को बनाने के उद्देश्य में सहायता करें। स्थानिक विभाजन और शासन की दैवीय वैधता के साथ, विभिन्न राजनैतिक और जातीय समूहों को संतुलित करने और उनमें वफादारी की भावना पैदा करने के लिए दरबार के अन्दर और बाहर कुलीन वर्ग और अन्य अधिकारियों के लिए मानदंड निर्धारित किये गये थे।

इतिहासकारों ने तर्क दिया है कि कुलीन जन न केवल अपने पद और सिंहासन के प्रति जिम्मेदारियों से बंधे थे, बल्कि उनमें यह भावना भी थी कि आवश्यकता पड़ने पर उनकी सीधे बादशाह तक पहुंच थी। जे. एफ. रिचर्डस ने विश्लेषण किया है कि स्वामी की सेवा में दास के रूप में मौजूद रहने की धारणा के लिए व्यवहार की एक नियमावली (अदब) थी, जिसका अनुसरण बादशाह के प्रति अधिकांश कुलीन जनों द्वारा किया जाता था और उन्हें *खानजाद* कहा जाता था। इसी तरीके से सेवा के निचले स्तर पर प्रत्येक अधीनस्थ जो अपने वरिष्ठों से बंधे हुए थे उनके द्वारा भी *खानजादी* के साझा मानदंडों का अनुसरण किया जाना था। दरबार की संस्कृति ने भी प्रत्यक्ष वफादारी की इस धारणा को प्रोत्साहन दिया और बादशाह जरूरत पड़ने पर कई मनसबदारों को उच्च पद पर पहुँचाने के लिए दरबार के पदानुक्रम को लाँघ सकता था। ये धारणा राजा से एक कुलीन जन और उसके अधीनस्थ के बीच संबंधों में भी फैल गई। *तारीख–ए–दिलकुशा* में भीमसेन, औरंगजेब के शासनकाल के दौरान मुगलों के लिए अपने परिवार की सेवा के इतिहास का वर्णन करते हुए *खानजादों* के मानदंडों का वर्णन करता है, जो निम्न पद के हो सकते थे लेकिन इस तरह के जटिल संबंधों और आचरण के मानदंडों के माध्यम से साथ ही साथ बादशाह, शहजादों, प्रमुख कुलीन जनों या प्रशासनिक अधिकारियों से बंधे होते थे।

ये सम्मिश्रित मानदंड जिनमें व्यवस्थित नौकरशाही और केन्द्रीकृत प्रशासन के मिश्रण के लिए गुजांइश थी और बादशाह के प्रति वफादारी की भी, उन्होंने शाही सिंहासन और दरबार के प्रति औपचारिक और अनौपचारिक संबंधों का एक सयोजन प्रदान किया। मनसबदारों की जागीरों के हस्तांरण की मुगल प्रणाली और दरबार में समय–समय पर उपस्थिति की आवश्यकता ने यह भी सुनिश्चित किया कि मुगल सत्ता कुलीन वर्ग पर और उनके माध्यम से निम्न श्रेणी के अधिकारियों पर स्थापित की गई थी। यदि किसी कुलीन जन पर कोई ऋण हो, तो एक मनसबदार की सभी संपत्तियों को जब्त करने और फिर उत्तराधिकारियों और शाही खजाने के बीच पुनर्वितरण करने की मुगल बादशाह की प्रथा, सिंहासन की सर्वोच्चता और सत्ता और कुलीन जनों के भविष्य की बादशाह पर निर्भरता का प्रतीक थी। बर्नियर और मानुची जैसे यूरोपीय यात्रियों के आख्यानों में राज्य द्वारा संपत्ति अधिग्रहण की इस प्रणाली के कई वर्णन हैं, जिन्होंने इसे सिंहासन को असीमित अधिकार देने वाली एक अनोखी प्रणाली के रूप में देखा।

बादशाह और उसके दरबार से निर्गत होने वाली साम्राज्य की प्रशासनिक और सैन्य क्षमताओं का यह संयोजन *आईन–ए–अकबरी* में विभिन्न विभागों की व्यवस्था में भी देखा जा सकता है। मुगल दरबार के पास न केवल मनसबदारों की शारीरिक उपस्थिति के माध्यम से उनकी वफादारी का परीक्षण करने का प्रावधान था, बल्कि इसको लागू करने के लिए एक व्यवस्थित प्रशासनिक तन्त्र भी था।

16.5 शाही शिविर

आईन–ए–अकबरी हमें शाही दरबार की ऐसी तस्वीर देता है जो अक्सर चलायमान रहता था और यह शिविर स्थापित करने पर एक पूरा अध्याय समर्पित करता है। प्रारंभिक आधुनिक काल के मुगल बादशाह का लगभग पूरा परिवार और साथ ही साथ शहजादे और प्रमुख कुलीन जन बादशाह की यात्रा की जरूरतों के अनुरूप लगातार गतिमान रहते थे। दरबार के इस तरह गतिमान रहने के परिणामस्वरूप, शिविरों की इस तरह की स्थानिक व्यवस्था की गई जिसमें केन्द्र में बादशाह और शाही हरम् और उससे बाहर की तरफ चलते हुए पद के अनुसार कुलीन जन सकेंद्रित घेरों में डेरा डालते थे। इन व्यवस्थाओं का वर्णन करते हुए, पीटर मुन्डी जैसे यूरोपीय यात्रियों ने भी विभिन्न पदों के कुलीन जनों की पताकाओं के लिए अलग–अलग रंग और बादशाह या शाही परिवार के तंबुओं के विशेष रंग पर ध्यान दिया। शिविर स्थापना की व्यवस्था में बादशाह तक पहुँच और स्थानों की व्यवस्था दिल्ली, आगरा या लाहौर की दरबार की प्रथाओं के अनुसार की जाती थी।

बादशाह और उसके दरबार की भव्यता का प्रतीक शाही शिकार और अन्य खेल भी थे जो बादशाह के लिए आयोजित किये जाते थे। मानुची या टैंवर्नियर जैसे यूरोपीय यात्रियों द्वारा दिये गये शाही शिकार के वर्णन और लघु चित्रों में उसका चित्रण इतना विस्तृत है कि उसमें शिकार के क्षेत्र को घेरने के लिए, ढोल पीटने और शिकारी जानवरों को शिकार के लिए बादशाह की तरफ खदेड़ने के लिए पूरे–पूरे गाँव की जरूरत पड़ती थी। मौज–मस्ती के इन सुसम्पन्न व्यवस्थाओं ने एक लीला रचने और दरबार की भव्यता और बादशाह के व्यक्तित्व की घोषणा करने का भी काम किया। इसी तरह बादशाह के बहादुर व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने के लिए शाही खेल आयोजित किये जाते थे जैसे कि *अकबरनामा* में वर्णित एक घटना जहाँ बादशाह अकबर ने एक मदमस्त हाथी को वश में किया था। ये शिकार और खेल साम्राज्य के सुदूर कोनों तक दरबार के वैभव के बारे में कहानियाँ फैलाने के भी एक अवसर थे।

एक निश्चित तरीके से, शाही शिविरों ने केन्द्र से बाहर की ओर फैलते हुए संकेन्द्रित वृत्तों में जुड़े हुए राज्य के अंगों के रूप में राज्य के संगठन को प्रतिबिंबित किया। स्थानिक व्यवस्था, मानकों का उपयोग और पताकाओं के रंगों की विशिष्टता सभी ने संकेत दिया कि प्रारंभिक आधुनिक राज्य को विभागों और अधिकारियों के साथ–साथ सत्ता के प्रतीकों और मनसबदारी प्रणाली के सैन्य कुलीन वर्ग के माध्यम से उसके विस्तार को कैसे संगठित और नियंत्रित किया गया था।

16.6 वस्त्र और पोशाक

सम्मान के वस्त्रों की प्रस्तुति जिसे खिल्लत या सरोपा/सिरोपाव के नाम से जाना जाता है, प्रारंभिक आधुनिक काल में एक प्रमुख प्रथा थी। यह एक व्यक्ति को सिर से पांव तक शाही रंगों में ढकने की प्रथा थी। मुगल बादशाह ने विशेष अवसरों के दौरान या सिंहासन के प्रति समर्पण के कार्य को चिन्हित करने के लिए राजदूतों, कुलीनों और अन्य योग्य अधिकारियों को शाही प्रथा के रूप में वस्त्र भेंट किये। यह समारोह दरबार में आयोजित किया जाता था और इसका अर्थ प्राप्तकर्ता को शाही अनुग्रह देना था। मध्य–एशिया, फारस और भारत के क्षेत्र में वस्त्र प्रदान करने का समारोह एक पुराना रिवाज़ था, जिसे मुगलों द्वारा राज्य की संरचना में समावेश करने और प्राप्त कर्ता पर प्रतिष्ठा और अधिकार को इंगित करने के लिए अपनाया गया था। इसका यह भी अर्थ था कि जिन लोगों ने वस्त्र प्राप्त किये थे वे आम आबादी से अलग थे और यह भी संकेत दिया गया कि उन्हें शासक की दया से एक विशेष जीवन शैली तक पहुँच प्राप्त हुई थी, इस प्रकार उसकी सत्ता और दरबार की सत्ता में वृद्धि होती थी। स्टीवर्ट गॉर्डन का सुझाव है कि यह न केवल प्रतिष्ठा का मामला था बल्कि यह अक्सर प्रजाजन की वफादारी का भी परीक्षण था, क्योंकि वस्त्रों को अस्वीकार करना सम्राट की सत्ता की अवज्ञा माना जाता था। यह समारोह मुगलों से पहले अस्तित्व में था, लेकिन इस समय शाही दरबार में इसने प्रमुखता प्राप्त की और राजपूतों और मराठों ने भी इसे शाही सत्ता के एक प्रतीक के रूप में अपनाया। औरंगजेब के दरबार में प्रारंभिक उपेक्षा के बाद शिवाजी द्वारा औरंगजेब को प्रदान की गई पोशाक पहनने का विश्लेषण गेविन हैम्बली द्वारा यह दिखाने के लिए किया गया है कि प्रथा से जुड़े अर्थों को समझने की साझा समझ के कारण दोनों पक्ष शाही वस्त्रों को अस्वीकार करने का अर्थ जानते थे। इस कृत्य के लिए शिवाजी को जेल में डाल दिया गया था, लेकिन वह अपने साथियों की मदद से जेल से भागने में सफल रहे। जयपुर राज्य के *दस्तूर कौमवार* से यह भी पता चलता है कि सरोपा को मनसबदारों और अधिकारियों को युद्ध में अच्छे प्रदर्शन के लिए या व्यवसाय में उनकी उत्कृष्टता के सन्दर्भ में उपहारों के साथ दिया जाता था।

मुगल दरबार के एक लघुचित्र में, जहाँगीर को युवा शहजादे खुर्रम को सोने में तोलते हुए दिखाया गया है – एक और शाही प्रथा जो अक्सर प्रारंभिक आधुनिक दरबारों में अपनाई जाती थी – जहाँ एक कोने में सरोपों का ढेर देखा जा सकता है जो दरबार में योग्य उम्मीदवारों को दिये जाने थे। इस समारोह का उल्लेख अक्सर यूरोपीय यात्रियों जैसे टेवर्नियर या मानुची द्वारा किया गया है जिन्होंने इसे एक नवीनता के रूप में पाया।

इन यात्रा आख्यानों में जहरीले वस्त्रों के किस्से भी हैं जिनका उल्लेख इस रूप में किया जाता है जो एक प्रतिद्वन्द्वी या दुश्मन को खत्म करने के लिए इस्तेमाल किये जाते थे, जो अनजाने में इसमें फँस जाते थे क्योंकि जब उन्हें पोशाक भेंट की जाती थी और उसे पहनना

पड़ता था, क्योंकि गैर–स्वीकृति का अर्थ उनके द्वारा शाही सत्ता की अवज्ञा अर्थात् मृत्यु होता था।

यह केवल बादशाह ही नहीं था जिसने वस्त्र उपहार में दिये बल्कि चुनिंदा अवसरों पर अन्य कुलीन जनों या वरिष्ठों ने भी अपने अधीनस्थों को सम्मान के इन वस्त्रों को उपहार में दिया। वस्त्रों की गुणवत्ता, सुन्दरता, मूल्य और वांछनीयता इस आधार पर भिन्न थी कि उन्हें कौन और किसको उपहार में दे रहा था। गोलकुंडा के शासक ने शाहजहाँ की प्रभावशाली बेटी जहाँआरा को नियमित रूप से वस्त्र भेजे और उसने भी कई अवसरों पर बदले में अपनी ओर से वस्त्र भेजे।

वस्त्रों का इतना प्रतीकात्मक महत्व था कि जब दारा शिकोह को एक कैदी के रूप में आगरा के दरबार में वापस लाया गया, तो औरंगजेब ने यह सुनिश्चित किया कि उसे शहर में फीके कपड़ों में घुमाया जाए, ताकि दारा की विफलता की बात साम्राज्य के कोने–कोने तक जाए और इसने उसकी सत्ता और शासन की वैधता में वृद्धि की।

16.7 उपहार

प्रारंभिक आधुनिक दरबार में सम्मान की पोशाक शायद ही अकेले प्रदान की जाती थीं, इसके साथ सोना, चाँदी, दास, घोड़े, आभूषणों के साथ श्रृंगार की वस्तुएँ या अलंकृत, हथियार आदि अन्य वस्तुएँ भी होती थी जो उपहार होती थी जिन्हें नज़र कहा जाता था। इसलिए, वस्त्र लगभग हमेशा कुछ उपहारों के साथ होते थे जिनका वास्तविक और प्रतीकात्मक मूल्य भी होता था। पोशाकों की तरह, उपहारों की गुणवत्ता व विशिष्टता दाता और प्राप्तकर्ता को चिन्हित करती थी। मुगल दरबार के संबंध में इस तरह के विनिमय के अनेक उदाहरण हैं। राजस्थान के *दस्तूर कौमवार* (1718–1912) के मयूराक्षी कुमार द्वारा किये गये एक अध्ययन में विभिन्न व्यवसायों और पदानुक्रमों के लिए अनेक उपहारों को दर्ज किया है। जयपुर राज्य के उपहार, अवसर और प्राप्तकर्ता की स्थिति के अनुसार भिन्न–भिन्न थे। लेकिन प्रशासन ने हर उपहार और अनुदान का रिकार्ड रखा। जयपुर राज्य ने अन्य राजपूत कुलों जैसे कुंभावत, गोगावत, बुंदेला, शेखावत और कई अन्य के साथ गठबंधन स्थापित किया और यह उन्होंने विवाह की रस्मों, लड़ाइयों, राजकीय स्मारकोत्सव और अन्य कार्यक्रमों के दौरान उपहार प्रदान करके हासिल किया था। ये उपहार अन्य व्यावसायिक जातियों को दिये गये उपहारों से भिन्न थे जैसे कि ब्राह्मणों को दी जाने वाली कर से छूट या चारण के लिए पगड़ी का उपहार। कुम्हार, लोहार, मजदूर, माली, व अन्य व्यावसायिक जातियों को भी उपहार दिये जाते थे जो सामाजिक स्तर पर निम्न थे, और इसलिए इन लोगों को पदानुक्रम के अनुसार कम मूल्य के उपहार प्राप्त हुए। इसलिए दरबार ने न केवल सत्ता के केन्द्र के रूप में कार्य किया, बल्कि सामाजिक व्यवस्था के निर्धारण के एक स्थान के रूप में भी कार्य किया और अपने शासन के भीतर विविध समुदायों के रीति–रिवाजों और अनुष्ठानों में भागीदारी के माध्यम से वैधता प्राप्त की। उदाहरण के लिए, जैसा कि इन दस्तूर अभिलेखों में दर्ज है, शोक की अवधि को खत्म करके, सामाजिक समारोहों में भाग लेने की स्वीकृति देने के लिए, राज्य के लिए काम करने वाले व्यक्तियों के कुछ परिवारों को राज्य द्वारा रंगीन कपड़े देने की प्रथा थी।

इसी प्रकार प्रारंभिक आधुनिक राज्यों के दरबार भी धार्मिक संरचनाओं और संस्थाओं से जुड़े हुए थे, चाहे *मदद–ए–माश* जैसी धार्मिक नेताओं को या शैक्षणिक संस्थाओं को अनुदान की बात थी, मुगल दरबार के साथ–साथ जयपुर राज्य जैसे अन्य दरबारों द्वारा भी मस्जिदों,

मंदिरों और अन्य धार्मिक संरचनाओं के संरक्षण के अनेक रिकॉर्ड हैं। उपहारों के विनिमय के माध्यम से अपने सामाजिक आधारों को विस्तृत करके या लोगों की एक विस्तृत श्रृंखला को उपहार प्रदान करके, प्रारंभिक आधुनिक राज्यों ने अपने प्रभाव और शासन के क्षेत्र में वृद्धि की।

16.8 शब्दाडंबर

दरबारों के चारों ओर प्रचलन में कई और तत्वों ने भी शासन और सत्ता की धारणाओं को आकार दिया। मुगल दरबार और उसके विस्तृत होते साम्राज्य के मामले में शराब के इर्द–गिर्द इसके उपयोग को लेकर बनायी गयी बातें इसका एक उदाहरण है। मुगल शासक बाबर सोलहवीं शताब्दी की शुरूआत में भारत में पैर जमाने की कोशिश कर रहा था। पानीपत की पहली लड़ाई में इब्राहीम लोदी के खिलाफ अपनी सफलता के बाद, 1526 में राणा सांगा की राजपूत संघ की सेना से बाबर बिमूढ़ हो गया। उसने 1527 में खानवा की लड़ाई की पूर्व संध्या पर अपने दरबार में घोषणा की कि वह शराब छोड़ रहा है और उसने अपने कुलीनों को 'जिहाद' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस आवाहन का इतना महत्व था कि मुगलों की सेना को प्रेरणा मिली, और विशाल राजपूत सेना के खिलाफ लड़ाई जीत ली। इस तरह के वाक्रपटुता दरबार में फिर से प्रदर्शित हुई जब शाहजहाँ 1631 में अपने दक्कन अभियान पर निकल रहा था। बादशाह ने अपने दरबार से कहा कि मुगलों के लिए दक्कन जीतने के लिए शराब छोड़ रहा है और उसने दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरबार में इस तरह के मंसूबों ने अक्सर शासकों को युद्ध में विरोधियों के खिलाफ अपनी सेना को एकजुट करने में मदद की क्योंकि दरबारी प्रथाओं ने एक–जुटता और सत्ता के मजबूत प्रतीक के रूप में काम किया। इनमें से कुछ निश्चित रूप से एक अवसर के लिए इस्तेमाल की गई वाक्रपटुता थी, क्योंकि शासक और दरबार किसी अन्य समय में ठीक इसके विपरीत काम कर रहे थे, जैसा कि बाद के समय में, हम इंग्लैंड से आयातित शराब के अंग्रेज व्यापारियों द्वारा प्रदान की गई शराब के बैरल के उपहार की बात सुनते हैं।

बोध प्रश्न 2

1) प्रारंभिक आधुनिक राज्य व्यवस्था की दरबारी संस्कृति के साथ तालमेल बिठाने के लिए किलों और उनके भीतर के स्थानों को किस प्रकार व्यवस्थित किया गया था?

....

....

....

....

2) उस व्यवस्था पर टिप्पणी कीजिए, जिसमें शाही परिवार, कुलीन वर्ग और शाही शिविर प्रारंभिक आधुनिक दरबारी संस्कृति का हिस्सा थे।

....

....

....

....

3) मध्य–एशियाई, फारसी और मुगल परंपराओं में दरबारी प्रथाओं के समूह में सम्मान के वस्त्र इतने महत्वपूर्ण क्यों थे? भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य क्षेत्रों में पोशाक भेंट करने के समारोह को कैसे अनुकूलित किया गया?

....

....

....

....

4) मुगल और राजपूत दरबारों में उपहार देने और इससे जुड़े दायित्वों के बारे में हमें क्या पता चलता है?

....

....

....

....

16.9 सारांश

आइन–ए–अकबरी या *पादशाहनामा* जैसे मुगल दरबार के इतिवृत्त हमें दरबारी संस्कृति की व्यवस्था और राजत्व, संप्रभुता और राजसी सत्ता से संबंधित प्रतीकों से संबंधित धारणाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। पीटर मुन्डी, बर्नियर, मानुची, टैवर्नियर जैसे यूरोपीय यात्री और सत्रहवीं शताब्दी के फैक्टरी के रिकॉर्ड हमें ज्यादातर शानदार और कभी–कभी अराजक स्थिति की झलक प्रस्तुत करते हैं। भीमसेन जैसे अधिकारियों के व्यक्तिगत वृत्तांतों से हमें यह भी पता चलता है कि वफादारी और सेवा के जटिल मानदंड थे। दूसरी ओर, यह सुझाव देने के लिए पर्याप्त प्रमाण हैं कि मराठा, राजपूत और हैदराबाद के निजाम जैसे अन्य समकालीन राज्यों और बाद की राज्य व्यवस्थाओं ने मुगलों के इन दरबारी अनुष्ठानों का अनुसरण किया। इनमें शासक या उसके पुत्रों को तौलना, सम्मान के वस्त्र भेंट करना और व्यक्तियों और संस्थानों को अनुदान देना शामिल थे। मुगल साम्राज्य के पतन के बाद भी दरबारी समारोहों की शक्ति को महसूस किया जा सकता था, जैसा कि गैल मिनॉल्ट ने दिखाया है कि अंग्रेजों ने उन्नीसवीं शताब्दी की शुरूआत तक मुगल सम्राट की निर्देशात्मक शक्ति को खत्म करने के लिए आधिकारिक तौर पर उपाधियों और पोशाकों को मान्यता देना बन्द कर दिया था और इनमें से कुछ समारोहों को जैसे कि दरबार की विस्तृत कार्यप्रणाली या उनके शासन में उपस्थिति के नियमों को 1911 में अपने राज्यारोहण के दौरान किंग जार्ज पंचम के लिए आयोजित भव्य राज्याभिषेक दरबार तक, अधिग्रहण कर लिया था। राजनैतिक विन्यास बदल गया था लेकिन प्रारंभिक आधुनिक राज्यों की दरबारी संस्कृति के कई शक्तिशाली प्रतीकात्मक तत्व और लीलाओं ने आधुनिक युग में अपना रास्ता खोज लिया था और वे उसमें जारी रहे।

16.10 बोध प्रश्नों के उत्तर

बोध प्रश्न 1

1) मुगलों, राजपूत और मराठों के शाही दरबार के आख्यानों, यात्रा के आख्यानों, अंग्रेजी फैक्टरी के रिकॉर्ड पर चर्चा शामिल करें। दरबारी प्रथाओं के बारे में वे किस तरह की जानकारी देते हैं, उसका मूल्यांकन करें।

2) तुर्की मंगोल वंश के दावों, फारसी परंपराओं और अकबर के दौरान शुरू की गई फर–ए–इजादी, शाहजहाँ के दौरान प्रथाओं और सम्प्रभुता पर चर्चा करें। यह स्पष्ट करें कि मुगल राज्य और सम्प्रभुता और राजत्व की अवधारणाऐं बदल गईं और साथ ही प्रारंभिक आधुनिक काल के दौरान दरबारी प्रथाएं भी बदल गईं।

बोध प्रश्न 2

1) दरबार, दीवाने खास, दीवाने आम, झरोखा दर्शन / बादशाह के शरीर, धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के साथ चर्चा, राजधानी के स्थानांतरण आदि को स्पष्ट करें। फिर स्थान और सत्ता के बीच संबंध और प्रारंभिक आधुनिक दरबारी प्रथाओं में उनके प्रतिबिंबित होने पर चर्चा करें।

2) शाही परिवार और कुलीन वर्ग की प्रथाओं के समुच्चय का संबंध बताएँ: आचरण के मानदंड, खानजाद, जागीरों का स्थानांतरण और दरबार में आवधिक उपस्थिति, संपत्ति के राज्य द्वारा जब्त करने की चर्चा करें। संप्रभुता और शाही दरबार से संबंधित प्रथाओं को बनाने और बनाए रखने में उनके महत्व पर चर्चा करें। शाही दरबारों के विस्तार के रूप में शाही शिविरों, पताकाओं के रंग, स्थान निर्धारण, शाही शिकार और खेलों पर चर्चा करें, जहाँ इन प्रथाओं ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी।

3) सम्मान के वस्त्र की अवधारणा की व्याख्या करें: दाता, वस्तु, परिवेश और प्राप्तकर्ता: प्रथाओं का उदाहरण सहित जैसे शहजादे को तौलना, दस्तूर कौमवार रिकॉर्ड, का उल्लेख करें। फिर इन प्रथाओं को सम्प्रभुता और राजत्व की धारणाओं के साथ जोड़ें।

4) वस्त्र के साथ दिये गये अन्य उपहारों पान और बीड़ा, शराब आदि के बारे में बताएँ। दस्तूर कौमवार की विषय वस्तु और उसमें वर्गों और जातियों के चित्रण का उल्लेख करें।

इस इकाई के लिए कुछ उपयोगी अध्ययन सामग्री

Mukhia, Harbans, 2004. *The Mughals of India*. Oxford: Blackwell Publishing.

O'Hanlon, Rosalind. 1999. 'Manliness and Imperial Service in Mughal North India, *Journal of the Economic and Social History of the Orient*, Vol. 42, No. 1, pp. 47-93.

Gordon, Stewart (ed.). 2003. *Robes of Honour, Khil'at in Pre-Colonial and Colonial India.* Delhi: Oxford University Press.

Kumar, Mayurakshi. 2016. 'Documenting Politico cum Social History of Jaipur Kingdom Through Dastur Komwar' in Anuradha Mathur, Ed., *Historical Documents & History.* Jodhpur: Rajasthani Granthagar, pp. 76-82.

Richards, J.F. 1984. 'Norms of Comportment Among Imperial Mughal Officers', in Barbara Daly Metcalf (ed.), *Moral Conduct and Authority: The Place of* Adab *in South Asian Islam*, University of California Press.

Waghorne, Joanne Punzo. 1994. *The Raja's Magic Clothes: Re-Visioning Kingship and Divinity in England's India*, The Pennsylvania State University Press.

इकाई 17 महिलाएँ और जेन्डर*

इकाई की रूपरेखा

17.0 उद्देश्य

17.1 प्रस्तावना

17.2 राजा की काया और पुरूषत्व के आदर्श

17.3 मुगल दरबार में महिलाएँ

17.3.1 नूरजहाँ

17.3.2 जहाँआरा

17.4 अन्तर्वैयक्तिक संबंधों के प्रश्न

17.5 गणिकाएँ और दरबारी शिष्टाचार

17.6 वैधानिक कर्ता के रूप में महिलाएँ

17.7 रूढ़िवादी धारणाओं पर पुनर्विचारः पुर्नविवाह और वधू मूल्य

17.8 सारांश

17.9 बोध प्रश्नों के उत्तर

17.0 उद्देश्य

इस इकाई का उद्देश्य हैः

- इस अवधि में जेन्डर के प्रश्नों पर वर्तमान इतिहासलेखन से छात्रों को परिचित कराना,
- इस अवधि में पुरूषत्व और स्त्रीत्व के समाज में स्थान के गठनात्मक पहलूओं पर चर्चा करना,
- राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैधानिक और आर्थिक प्रक्रियाओं में महिलाओं की भूमिका और भागीदारी की जाँच पड़ताल करना,
- सामाजिक प्रक्रियाओं को जेन्डर–आधारित दृष्टिकोण से समझना।

17.1 प्रस्तावना

समाज में महिलाओं की स्थिति के माध्यम से पारंपरिक रूप से जेन्डर के प्रश्न को देखा गया है। इस दृष्टिकोण में यह पूर्व धारणा निहित है कि महिलाएँ राजनैतिक सत्ता के क्षेत्र से दूर थीं और केवल सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में भागीदार थी। हालांकि, मध्यकालीन और आधुनिक काल पर नये कार्यों से पता चलता है कि जेन्डर–आधारित पहचान और जेन्डर

*डॉ. अनुभूति मौर्य, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, शिवनडार विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोयडा, यू. पी.।

भूमिकाएँ, राजनैतिक सत्ता के निर्माण और अभिव्यक्ति के साथ–साथ आर्थिक और सामाजिक संगठन में भी सक्रिय थी। इस इकाई में, हम राजनैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के परीक्षण के माध्यम से जेन्डर और जेन्डर–भूमिकाओं को देखेगें। हम राजनीतिक और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में पुरूषत्व और स्त्रीत्व की अभिव्यक्ति पर दृष्टिपात करेंगे। इन प्रश्नों को सबसे आसानी से दरबारी सामग्री की जाँच–पड़ताल के माध्यम से रेखांकित किया जा सकता है। यह काफी हद तक इस क्षेत्र में पाठ्य और दृश्य सामग्री की प्रचुरता के कारण है। दरबारी संस्कृति और उसके दृश्य अभिलेखागार के साथ, हम वैधानिक विवादों, संपत्ति के स्वामित्व आदि प्रश्नों पर सीमित रचनाओं के माध्यम से हम उपलब्ध चर्चाओं का भी उल्लेख करेंगे। हम ग्रामीण समाज में जेन्डर संबंधों की समझ विकसित करने के लिए राजस्थान की रियासतों में उपलब्ध राजस्व और प्रशासनिक अभिलेखों की जाँच करेंगे।

17.2 राजा की काया और पुरूषत्व के आदर्श

दरबारी ग्रन्थ–इतिवृत, जीवनी संबंधी और आत्म–कथात्मक साहित्य, कविता, गद्य, चित्रण और चित्रकारी आदि प्रारंभिक आधुनिक काल के एक व्यापक अभिलेखागार का निर्माण करते हैं। इन वर्णनों में केन्द्रीय व्यक्तित्व राजा है। अबुल फ़ज़ल का *अकबरनामा* (सोलहवीं शताब्दी के अन्त में रचित) या लाहौरी का *पादशाहनामा* (शाहजहाँ के शासनकाल का एक वर्णन जिसकी रचना उसके दरबार में की गई थी) जैसे दरबारी साहित्य राजत्व की प्रकृति की बहुत स्पष्ट और विशिष्ट अभिव्यक्तियां प्रस्तुत करते हैं।

मुगल साम्राज्य पर मौजूदा लेखन ने शासक अभिजात्य वर्ग की प्रकृति और संरचना, शासन की संस्थाओं, बादशाओं की धार्मिक विचारधारा, राजस्व संग्रह की संरचना, साम्राज्य की अर्थव्यवस्था, शक्ति के साझा करने के संजाल, निर्देशात्मक ग्रंथों की भूमिका आदि पर ध्यान केन्द्रित किया है। 'रोसालीड ओ' हॅानलोन, रूबी लाल और मोनिका जुनेजा द्वारा राजत्व और दरबारी संस्कृति के जेन्डर–आधारित पहलू पर चर्चा ने इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप को चिन्हित किया है। दरबारी साहित्य के एक समालोचनात्मक पठन के माध्यम से, वे राजा के व्यक्तित्व और काया के माध्यम से अभिव्यक्त पुरूषत्व के आदर्शों की ओर ध्यान आकर्षित करते है। रोसालीड ओ–हॅानलोन ने विशेष रूप से अबुल फजल के अकबर के आदर्श राजा के रूप में निरूपण पर ध्यान दिया है, जिन्होंने साम्राज्य के साथ सामंजस्य को मूर्त्त रूप दिया था। जुनेजा बताती हैं कि सम्राट की छवि के निरूपण में, जैसे शिकार के दृश्य में, यहाँ तक कि गति और अराजकता की स्थिति में भी, राजा की काया कोलाहल से परे रही, जो संतुलन और गरिमा को प्रतिबिंबित करती है। राजा को साहस, सैन्य कर्म के आदर्श के रूप में और युद्ध के मैदान और शिकार में नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया था। वह एक समर्पित पिता और पुत्र थे, अपने परिवार के सचेत स्वामी थे और साम्राज्य के सद्भाव को प्रतिबिंबित करने के लिए उनमें शारीरिक, व्यक्तिगत और राजनैतिक क्षेत्र का मिलान हुआ।

अकबर के दरबार में विकसित पुरूषत्व के प्रतिमान ने मूल्यों और आचरण के तरीकों का एक स्वीकृत समुच्चय बनाया। इसमें विवाह, यौन और शारीरिक विनियमन के क्षेत्र में शासकीय अभिजात्य वर्ग के लिए नियम शामिल थे। इसमें शारीरिक शुद्धता बनाए रखने के नियम, यौन संबंधों का नियन्त्रण और वैश्यावृत्ति के नियम शामिल थे। उदाहरण के लिए, यौवनावस्था से पहले विवाह को सक्रिय रूप से हतोत्साहित किया जाता था। समलैंगिक संबंधों को हतोत्साहित और तिरस्कृत किया गया। विषम लैंगिक संबंधों को मूर्त्त रूप दिया गया। यह

अखलाक साहित्य में, वैधानिक और नैतिक ग्रन्थों में चर्चा पर आधारित था। यह क्षेत्रीय दरबारों से पुरूषत्व, सेवा और वीरता की परंपराओं के अन्य मानदंडों के साथ पारस्परिक आदान–प्रदान कर रहा था। आदर्श पुरूषत्व ने अभिजात्य पुरूष गुणों के मानदंडों का एक नया समुच्चय प्रस्तुत किया, जो धार्मिक विचारधारा और सामुदायिक पहचान के विकल्प के रूप में कार्य करता था। पुरूषत्व की परंपराऐं, जहाँ राजा आदर्श पुरूष के मूर्त रूप का प्रतिनिधित्व करते थे, मुगल दरबार में सेवा–संस्कृति का हिस्सा बन गये। इसने एक विशिष्ट आभिजात्य पहचान बनाई जो सम्राट के व्यक्तित्व पर आधारित थी।

17.3 मुगल दरबार में महिलाएँ

पारंपरिक विद्धता में, हरम को भौतिक और काल्पनिक स्थान के रूप में देखा जाता है, जहाँ महिलाओं को पृथक रखा जाता था। पृथक्करण का कार्य पुरूषों की सत्ता और शक्ति की ओर संकेत करता है। हरम् एक निजी स्थान था – परिवार और कुटुम्ब का क्षेत्र, दरबार के सार्वजनिक जीवन से भिन्न और दूर। हालाँकि, पृथक्करण की प्रथा ने विद्वानों को मुगल साम्राज्य की राजनीतिक और सामाजिक आर्थिक प्रक्रियाओं में महिलाओं को अदृश्य मानने के लिए प्रेरित किया है। केवल हुमायूँ की बहन गुलबदन बेगम, जिन्होंने *अहवल–ए–हुमायूँ* लिखा था, नूरजहाँ और जहाँआरा बेगम जैसी कुछ ही महिलाएँ इतिहास के अन्यथा पुरूष प्रधान आख्यान में विशिष्ट स्थान रखती हैं। हालाँकि, उन्हें अपवाद के रूप में देखा जाता है।

महिलाओं के इतिहास पर हाल के लेखन ने प्रारंभिक आधुनिक राज्य व्यवस्था और समाज में महिलाओं की भागीदारी के बारे में इन धारणाओं को चुनौती दी है। यह तर्क दिया कि एक सार्वजनिक स्थान के रूप में दरबार और एक निजी स्थान के रूप में हरम् का विचार एक झूठा द्वी–गुणी विभाजन है। इसके विपरीत, मुगल हरम् के सदस्य दरबार में शक्ति के दैनिक प्रयोग में सक्रिय भागीदार थे और साम्राज्य के दैनिक जीवन में दृश्यमान थे।

सबसे प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण, हरम् वंशवादी राजनीति का स्थल था। मुगल ग्रन्थों में प्रजनन संबंधी चिन्ताओं के अनेक उदाहरण मिलते हैं। इनमें से सबसे प्रसिद्ध अकबर की अजमेर में शेख मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की नगें पांव तीर्थयात्रा की कहानी है, ताकि अपने राज्य के वारियों के वरदान के लिए शेख सलीम चिश्ती का आर्शीवाद प्राप्त किया जा सके। परिवार और कुटुम्ब के क्षेत्र में, यहाँ तक कि यौन क्रिया को भी राजवंश की सतत्ता के मुद्दे से जोड़ा गया था।

मुगल गतिशीलता की संरचना पर चर्चा साम्राज्य के शासकीय अभिजात्य वर्ग में विविध समूहों के समावेश पर केन्द्रित है। शाही विवाहों को अक्सर गठबंधन निर्माण के रूप में उद्धरित किया जाता है। परिणामस्वरूप, हरम् भी एक सर्वदेशीय स्थान था लेकिन शाही परिवार में विवाह करने वाली या मुगल हरम् में प्रवेश करने वाली महिलाएँ केवल राजनैतिक गठबंधन का वाहन नहीं थी। ये महिलाएँ शक्तिशाली शख्सियत थी, जिन्होंने अपने पैतृक परिवार के साथ–साथ मुगल दरबार में भी शक्ति के परिपथ को प्रभावित किया। उन्होंने सामाजिक मूल्यों के नये रूपों का निर्माण किया और वे नई भाषाओं और परंपराओं को दरबार में लेकर आई। हरम् के सदस्य शक्ति और प्रभाव के संजाल में कर्ता भी थे।

हरम् की महिलायें साम्राज्य की व्यापक आर्थिक प्रक्रियाओं में भागीदार भी थीं। वे संपत्ति और उपाधियों की स्वामिनी थीं। वे विवाह अनुबन्ध, तलाक, विरासत, और संपत्ति के स्वामित्व पर मुकदमेबाजी में वैधानिक कर्ता थीं।

शाही परिवार की महिलायें वाणिजिक संजाल में भागीदार थीं। मारियम उज जमानी के जहाज रहीमी पर पुर्तगालियों द्वारा मक्का से इसकी यात्रा के दौरान कब्जा करने की घटना, उस अवधि के वाणिजिक जीवन में उनके कर्ताओं के रूप में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालती है। वे उद्योग और कारीगरी उत्पादन की संरक्षक भी थीं। हरम् दरबार के भौतिक जीवन में नवाचार का स्थान भी था।

हरम् की महिलाओं ने लोक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण अनुदान दिये। वे मस्जिदों, मकबरों, बागों, सरायों और बावड़ियों या तालाबों जैसे जलाशयों की स्मारकीय स्थापत्य कला की संरक्षक थीं। 1650 में, जब शाहजहाँनाबाद शहर निर्माणधीन था, तब जहाँआरा ने नहर–ए–बिहिश्त् नाम की नहर के साथ, चाँदनी चौक के नाम से जाने जाने वाले चौड़े मार्ग का निर्माण शुरू किया। इस मार्ग के उत्तर में, उसने मुख्य रूप से शाही परिवार की महिलाओं और बच्चों के लिए एक बगीचा बनाया। उसने इसमें एक सराय और एक हमाम (स्नानघर) भी जोड़ा। शाहजहाँ के परिवार की एक दाई अकबराबादी महल ने एक मस्जिद, एक सराय, एक हमाम और एक बाजार बनवाया, जिसे फैज बाजार के नाम से जाना जाता है। फतेहपुरी बेगम ने शहर की एक महत्वपूर्ण धूरी बिन्दु पर एक मस्जिद का निर्माण करवाया। शाही परिवार की महिलाओं द्वारा किये गये भव्य निर्माण, उनकी दौलत की सीमा का साक्ष्य भी देते हैं। यह उनकी सत्ता का भी प्रमाण था, जिसने उन्हें नई शाही राजधानी के परिदृश्य को आकार देने की और चिन्हित करने की अनुमति दी।

हरम् अपने आप में एक अविभेदित स्थान नहीं था। इस स्थान के भीतर राजनीति में शक्ति और सत्ता के संजाल के खेल खेले गये। यह अपने स्वयं के पदानुक्रमों द्वारा शासित था। इसके आचरण के अपने नियम थे जो दैनिक जीवन को नियंत्रित करते थे। इसके सामाजिकता के अपने रूप भी थे।

17.3.1 नूरजहाँ

अकबर के दरबार में एक ईरानी अप्रवासी परिवार में मेहरूनिसा के नाम से जन्मी नूरजहाँ ने 1611 में बादशाह जहाँगीर से शादी की। अली कुली बेग शेर अफगान की विधवा, वह बंगाल में हुई उथल–पुथल की घटनाओं की एक श्रृंखला के बाद दरबार में पहुँची। उसका शाही विवाह, अन्तर्वैयक्तिक आसक्ति की एक घटना, और दरबारी राजनीति में उनके उत्थान को सत्रहवीं शताब्दी के *तजकिरा* (जीवनी संग्रह), *जखिरात–उल–स्वापिनन* में प्रस्तुत किया गया था। नूरजहाँ की कहानी के कुछ किस्से सुप्रसिद्ध है और अक्सर उन्हें रोमांचकारी तरीके से पेश किया जाता है। वह झरोखे में बैठती थी, उसके नाम के सिक्के ढाले गये थे वह तुमरा (शाही मोहर) की धारक थी। उसने राजस्व संग्रह, गाँव के अनुदान आदि जैसे प्रशासनिक मामलों की एक विस्तृत श्रृंखला के समुच्चय पर आदेश जारी किये। नूरजहाँ के परिवार ने दरबार में अपार सत्ता का प्रयोग किया। उनके पिता को इतिमातुद दौला की उपाधि दी गई जबकि उनका भाई आसफ खान बादशाह का करीबी साथी था। उनकी भतीजी मुमताज महल ने 1612 में तत्कालीन उत्तराधिकारी शाहजहाँ से शादी की। जहाँगीरी दरबार की राजनीति में, नूरजहाँ और उसके परिवार ने शक्ति के ऐसे बिन्दु पर कब्जा जमाया, जिसे कुछ आधुनिक इतिहासकारों ने नूरजहाँ का सैन्य शासक गुट भी कहा है।

नूरजहाँ को एक व्यक्ति के रूप में अनेक उपलब्धियों के लिए याद किया जाता है। उसने एक विशिष्ट सामाजिकता गढ़ी और वह मुगल दरबार की भौतिक संस्कृति में नये सौन्दर्य शास्त्र लाई। उसे गुलाब ईत्र (गुलाब का सार) और पचोलिया वस्त्रों के नवाचारों का श्रेय दिया जाता है। वह सराय, उद्यान, मस्जिद और मकबरे जैसी कई निर्माण परियोजनाओं की

संरक्षक थी। जहाँगीरी शासन के वृत्तांत ने नूरजहाँ पुरूषत्व और स्त्रीत्व दोनों क्षेत्रों को पार करती हुई प्रतीत होती है। सार्वजनिक भवनों के संरक्षक और एक प्रशासक के रूप में, और सामाजिकता के विशिष्ट मानदंडों और रूपों की लेखिका के रूप में। यह इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि वह अपने पिता इतिमातुद दौला की मृत्यु पर वह उसके मकबरे की मुख्य संरक्षक और उसकी सांसारिक संपत्ति, सम्मान और उपाधियों की वारिस थी।

हालाँकि, वह एक उद्दण्ड व्यक्तित्व बनी रही। जहाँगीर के शासन के अन्तिम वर्षों में नूरजहाँ उत्तराधिकारी के प्रश्न पर हुये टकरावों में शामिल थी। शाहजहाँनी ग्रन्थों में उसे एक सक्षम लेकिन अनैतिक व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया है जिसने बादशाह की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। लाहौरी के *पादशाहनामा* में नूरजहाँ की मृत्यु की सूचना इस प्रकार कहती है ''... बहत्तर वर्ष की आयु में उसका निधन हो गया। उसका मकबरा बनाने में चार साल और छः लाख रूपये लगे और वह चार–बाग योजना (चाहर चमन) में स्थित था''। यह आगे और जोड़ता है कि बादशाह जहाँगीर से शादी के बाद उसने सरकार पर कब्जा कर लिया। शिवांगिनी टंडन सत्रहवीं और अठाहरवीं शताब्दी के दो *तजकिरा* ग्रन्थों के आधार पर, ऐतिहासिक स्मृति में नूरजहाँ की यात्रा को समझने की कोशिश करती हैं। उनका तर्क है कि इस अवधि के दौरान नूरजहाँ की याद बदल जाती है, जबकि सत्रहवीं शताब्दी की इबारत उसे एक शक्तिशाली सार्वजनिक व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है, वहीं अठाहरवीं शताब्दी का लेखन उसे राजा की शक्ति को हड़पने वाली के रूप में प्रस्तुत करता है, जो अतिभोग के लिए अर्पित था। नूरजहाँ की कहानी में यह बदलाव स्वयं बादशाह जहाँगीर के बारे में बदलती स्मृति का हिस्सा थे।

17.3.2 जहाँआरा

जहाँआरा बेगम (1614–1681) ने अपनी माँ मुमताज महल की मृत्यु के बाद 1631 में शाही हरम् के मुखिया की भूमिका प्राप्त की। उसे साहिबा बेगम की उपाधि देकर, उसने बादशाह के सहचारी, शाही मोहर के रक्षक और हरम के प्रबंधक की भूमिका निभाई। उसे अक्सर बादशाह के सहचर या अपने भाई दारा शुकोह के पक्षपाती के रूप में उद्धृत किया जाता है। हालांकि, वह स्वयं में शाहजहाँनी दरबार में एक शक्तिशाली व्यक्ति थी और उन्होंने अपनी राजनैतिक सत्ता और अपने व्यक्तिगत सम्मान दोनों को लेखन और वास्तुशिल्प योजनाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से व्यक्त किया। जहाँआरा की अभिव्यक्तियाँ पाठ्य और पाषाणीय (अफसान बोरवारी, मल्होत्रा और लेम्बर्ट–हरले, 2015) दोनों थी, और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत व्यक्तिपरखता के साथ–साथ एक शाही विचारधारा भी प्रस्तुत की। उसने *मुनीस–अल–अरवाह* (1660) सूफी सन्तों का एक संकलन और *रिसाला–ए–साहिबियाह* (1641) एक आत्म कथात्मक सूफी ग्रन्थ लिखा, जिसमें एक मुरीद (शिष्य या उत्तराधिकारी) और खलीफा के रूप में कादीरिया सिलसिला के मुल्ला शाह बदाक्षी तक की अपनी जीवनी भी लिखी।

उसने श्रीनगर में मुल्ला शाह बदाक्षी के लिए कई उद्यान, खानकाह और मस्जिद परिसरों की स्थापना करवाई। आगरा में शाहजहाँनी मस्जिद की पट्टिका पर फारसी शिला लेखों में उनका गुणगान किया गया है। उसे दिल्ली के निजामुद्दीन दरगाह में एक बाड़े में दफनाया गया था। अपने लेखन और वास्तुशिल्प दोनों में जहाँआरा एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में उभरती हैं – एक ऐसी छवि जो उनके द्वारा स्वयं गढ़ी हुई प्रतीत होती है। मुल्ला शाह बदाक्षी के प्रति उसकी भक्ति ने उसे गद्दी के अधिकारी दारा शिकोह के साथ एक संजाल के भीतर रखा। खलीफा के पद तक उसका उत्थान उसके साथ समतुल्यता का निर्माण करता है –

क्योंकि उसे साम्राज्य के सिंहासन का उत्तराधिकारी होना था। जबकि उसके मामले में यह एक सूफी सिलसिला के आध्यात्मिक और भौतिक क्षेत्र में था।

वास्तुकला महिलाओं के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है और यह एक ऐसा तरीका रहा है, जिसके द्वारा उन्होंने राजनैतिक और शहरी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। लाहौरी के *पादशाहनामा* में कश्मीर में जहाँआरा द्वारा निर्मित उद्यान का यह वर्णन है:

''... साहीबाबाद, जिसे अछबल के नाम से जाना जाता है, जो बेहत का एक हिस्सा है, बेगम साहिब (जहाँआरा) का है। शाहजहाँ ने अपने शासन काल के सातवें वर्ष में कश्मीर यात्रा के दौरान आदेश दिया था कि बीच में जहाँगीर द्वारा निर्मित हौज के स्थान पर, एक बंगला बनाया जाए, और तालाब और नहरों को कहीं और बनाया जाए। इसे आकार देने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए गए और उपाधियाँ दी गई। इस ऋतु में उनके प्रयासों के परिणाम देखे गये और पंसद किये गये। इस जगह पर दो दिन बिताए''।

जहाँआरा को एक पुराना बगीचा दिया गया था। झरनों, तालाबों, मंडपों के निर्माण के माध्यम से, उन्होंने शाहजहाँनी सौन्दर्य शास्त्र के अनुरूप इसे नया रूप दिया। उद्यान को उसका नाम दिया गया और उसे साहिबाबाद कहा जाता था। इसी तरह चाँदनी चौक में उन्होंने जो बगीचा बनवाया उसका नाम भी उसी के नाम पर साहिबाबाद रखा गया। इन उद्यानों मे महिलाओं के लिए विशेष स्थान भी थे। आमतौर पर, उद्यानों में होने वाली सभाओं को पुरूषों और शाही दरबार के सदस्यों के साथ जोड़ा जाता है। बगीचों में ये विशेष रूप से स्त्रियोचित स्थान सामाजिकता के भिन्न रूपों के विकास का सुझाव देते हैं।

बोध प्रश्न 1

1) मुगल दरबारी संस्कृति में जेन्डर संबंधों को परिभाषित करने में पुरूषत्व के आदर्शों की केन्द्रीयता की जाँच–पड़ताल कीजिए।

....

....

....

....

2) नूरजहाँ और जहाँआरा पर एक टिप्पणी लिखिए।

....

....

....

....

17.4 अन्वैयक्तिक संबंधों के प्रश्न

अपने संस्मरणों में जहाँगीर लिखते हैं:

''इस चरण में शहजादे शुजा, मेरे पुत्र शाहजहाँ के प्रिय पुत्र (जिगर–कोना), जिसे नूरजहाँ बेगम की पवित्र गोद में पाला जा रहा था, और जिसके प्रति मुझे इतना स्नेह है कि वह मुझे

प्राणों से भी अधिक प्रिय है, उस पर एक विशेष शैशवकालीन रोग ने हमला किया था, जिसे वे उम्मू–स–सिबियान कहते हैं, और लंबे समय तक उसे होश–हवाश नहीं रहा। हालाँकि अनुभवी लोगों ने कई उपाय किये, वे फायदेमंद नहीं थे, और उसकी असंवेदनशीलता (बी–हुशी) ने मेरे होश उड़ा दिये। जब इन्सानी उपचार निराशाजनक थे, नम्रता और निवेदन के माध्यम से मैनें मुझ जैसे दासों के दयालु शासक के दरबार में याचना का सिर रगड़ा, और बच्चे के ठीक होने की भीख माँगी। इस अवस्था में मुझे यह लगा कि जैसा कि मैंने ईश्वर से प्रतिज्ञा की थी कि अपने पचासवाँ वर्ष पूरा करने के बाद, यह विनती करने वाला गोली और बन्दूक से शिकार करना छोड़ देगा, और अगर उसकी सुरक्षा के लिए यदि मुझे आज से शिकार करना छोड़ना पड़े, यह संभव था कि उसका जीवन अनेक जानवरों के जीवन को संरक्षित करने का साधन बन जाए, और सर्वशक्तिमान परमेश्वर उसे मुझे दे दे''।

जहाँगीर के संस्मरणों में यह विवरण एक दादा द्वारा एक पसंदीदा पोते के खराब स्वास्थ्य पर चिंता की एक मर्म स्पर्शी अभिव्यक्ति के रूप में प्रकट होता है। मुगल इतिवृतों, जो राजत्व के आदर्शों को अभिव्यक्त करने वाले सावधानीपूर्वक निर्मित ग्रन्थ हैं, में ऐसे कई उदाहरण हैं, जहाँ सम्राट समर्पित और चिंतित पति, पिता और दादा के रूप में दिखाई देते हैं। गुलबदन बेगम ने हुमायूँ के स्वास्थ्य के बदले बाबर द्वारा अपने जीवन की पेशकश करने की असव्यसित कहानी सुनाई। अकबर जहाँगीर को प्यार से शेखू बाबा कहकर संबोधित करते थे। महल में एक दुर्घटना में जहाँआरा के जलने से शाहजहाँ बहुत परेशान हुए थे।

इसी तरह, बादशाहों का प्रणय – जहाँगीर का नूरजहाँ के प्रति स्नेह और सम्मान या मुमताज महल के प्रति शाहजहाँ का समर्पण ये कहानियाँ लोकप्रिय दंत कथाओं का हिस्सा रहे हैं।

ये कहानियाँ हमारे सामने सम्राटों के ऐसे रूपों को प्रस्तुत करती हैं जो रोमांटिक, पैतृक और संतानप्रेम की मजबूत भावनाओं से प्रेरित और प्रभावित थे। हम इनमें सम्राटों के वंश प्रधान के रूप में सतत्ता को देख सकते हैं, जो अपने विषम लैंगिक परिवार, कुटुम्ब और साम्राज्य का कल्याण चाहते थे।

लेकिन ये वृतांत हमें मुगल दरबार में परिवार और अंतरंगता की धारणाओं के बारे में और प्रारंभिक आधुनिक काल के बारे में व्यापक पैमाने पर सवाल उठाने के लिए प्रेरित करते हैं। हमें यह पूछना चाहिए कि क्या इस काल में अन्तर्वैयक्तिक संबंधों के नये रूप सामने आए।

17.5 गणिकाएँ और दरबारी शिष्टाचार

अभिजात्य वर्ग के दायरे से परे दिखाई देने वाली महिलाओं के प्रश्न की जाँच–पड़ताल करते समय, उनका कुछ इतिहास गणिकाओं की कहानियों से पुनर्प्राप्त करना संभव है। यद्यपि तवायफों और देवदासियों को 1858 से आम वेश्याओं के साथ वर्गीकृत किया गया था, लेकिन गणिका–संस्कृति की विकास की जाँच से महिलाओं के वास्तविक समुदायों के जटिल इतिहास का पता चलता है (शोफेल्ड, 2012)। प्रदर्शन संस्कृतियों के इतिहास की जाँच से प्रारंभिक आधुनिक काल की समृद्ध सांस्कृतिक दुनिया का पता चलता है। साथ ही, यह इस इतिहास के केन्द्र में एक ऐसी संस्कृति को रखता है जो मुख्य रूप से महिला कलाकारों पर केन्द्रित थी।

गणिका शब्द के प्रयोग में लोकप्रिय कल्पना में प्रदर्शन के तत्व, संगीत और नृत्य में विशेषज्ञता के साथ–साथ यौन अन्तरंगता भी शामिल है। हालाँकि, जैसा कि शोफेल्ड और शर्मा के कार्य

ने दिखाया है, कि महिला कलाकारों में सामाजिक भूमिकाओं की एक विस्तृत श्रृंखला थी। सोलहवीं से अठाहरवीं शताब्दी में महिला कलाकारों में अलग–अलग भूमिकाओं और प्रदर्शनों के संग्रह के साथ उनके विभिन्न समुदाय शामिल थे। इस अवधि के अभिलेखागार कलाकारों की एक विस्तृत श्रृंखला का संकेत देते हैं। शोफेल्ड ने उनका वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किये गये कुछ पारिभाषिक शब्दों को नोट कियाः पातुर, दारूणीप्रस्तर, लुली, कनकानि, कमसिन, मुक्कानी, द्रोमिणी, दधिनी, रमजानी, कलावंती, रक्का आदि (शोफेल्ड, 2012, पृष्ठ 152)। इनमें से प्रत्येक ने विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनों, सामाजिक भूमिकाओं निरूपण किया और उनकी बहुत भिन्न प्रकार के स्थानों तक पहुँच थी। शोफेल्ड कलाकारों को तीन श्रेणियों में विभाजित करती हैंः वे जो केवल हरम् के भीतर प्रदर्शन करते हैं, वे जो पुरूष और स्त्री दोनों स्थानों में प्रदर्शन कर सकते थे, और जो केवल पुरूष स्थानों में प्रदर्शन कर सकते थे।

अठाहरवीं शताब्दी तक, महिला कलाकार संपत्ति की धारक, अपने परिवार और संस्थाओं की मुखिया के रूप में उभरी वे अक्सर विशिष्ट संगीत और अन्य प्रदर्शनकारी परंपराओं की शिक्षिका और स्वामिनी थी। वे सार्वजनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण और प्रभावशाली व्यक्तित्व थी।

महिला कलाकार, यद्यपि वे अवसीनिय व्यक्तित्व थी लेकिन वे सामाजिक सीमाओं को पार करने और अपने वर्ग के लोगों की पहुँच से बाहर के सामाजिक स्थानों में प्रवेश पाने में सक्षम थी। दरबारी जीवन में किस चीज ने उनकी शक्ति और उपस्थिति की अनुमति दी? शोफेल्ड आगे पूछती हैं, क्या गणिका को संगीत और उस शक्ति से अलग किया जा सकता है जिसका प्रयोग वह मुगल भावनात्मक और सामाजिक जीवन में करती थीं? संगीत ने उन्हें, जिन्होंने संगीत में ध्वनि को मूर्त रूप दिया, एक संभावित विध्वसंक कामुक शक्ति प्रदान की। ये कलाकार अपने संरक्षकों की तुलना में निम्न सामाजिक प्रतिष्ठा के थे, लेकिन उन्हें इन अभिजात्य स्थानों में प्रवेश करने और अपनी शक्ति दिखाने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने राज्याभिषेक, शाही शादियों जैसे अभिजात्य सामाजिक कार्यों में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया।

17.6 वैधानिक कर्ता के रूप में महिलाएँ

1622 में, जहाँगीर के दरबार में एक उच्च पदस्थ अधिकारी और नूरजहाँ और आसफखान के पिता इतिमातुद दौला का निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद, उनकी संपत्ति और उपाधियों का बड़ा हिस्सा नूरजहाँ को दे दिया गया। जहाँगीर *तुजुक* में लिखते हैंः

''इसफानदरभुर्ज के दिव्य महीने के पहले दिन मैने नूरजहाँ बेगम को *इतमादुद* दौला का प्रतिष्ठान और उसकी सरकार से जुड़ी हर चीज और अमीर का पद दे दिया, और आदेश दिया कि उसका ढोल और वादयन्त्रों का समूह बादशाह के बाद बजाया जाना चाहिए।'' नूरजहाँ को अपने पिता की उपाधियों और संपत्ति का उत्तराधिकार कोई अनोखी घटना नहीं थी। प्रारंभिक आधुनिक काल में, महिलाएं संपत्ति की मालिक और वैधानिककर्ता थीं। सत्रहवीं शताब्दी में सूरत और खम्बात् के वैधानिक दस्तावेजों के परीक्षण के माध्यम से, फरहत हसन नातेदारी संजाल, संपत्ति के स्वामित्व और विधि के क्षेत्र के बीच संबंधों की जाँच–पड़ताल करते हैं। उनका तर्क है कि सत्रहवीं और अठाहरवीं शताब्दी में, ऐसे काफी साक्ष्य हैं जो महिलाओं के संपत्ति के वारिस होने के अधिकारों को प्रदर्शित करते हैं। महिलाओं को अपनी पैतृक जागीरों पर वैधानिक दावा प्राप्त था, चाहे उनकी वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। साथ ही, संपत्ति एक सामूहिक संसाधन थी, जिसे संयुक्त परिवार के सदस्यों और निकट नातेदारों के बीच साझा किया जाता था। जीवित पुरूष उत्तराधिकारियों की उपस्थिति में, महिलाएँ

संपत्ति बेच सकती थी, किराये पर ले सकती थी, या गिरवी रख सकती थी। अन्य स्थितियों में, संपत्ति का उनका अधिकार परिवार और नातेदार प्रणाली के तहत संचालित होता था। संपत्ति के स्वामित्व के क्षेत्र में महिलाओं के अधिकार नातेदारी संजाल द्वारा जिसमें वे अन्तर्निहित थी, कम किये गये या अधिकारों को सक्षम किया गया। इरफान हबीब ने वृन्दावन के दस्तावेजों के अपने अध्ययन के माध्यम से कहा है कि कृषि भूमि के विक्रेता के रूप में महिलाओं का कोई उल्लेख नहीं है, ''ऐसा लगता है जैसे उन्हें कहीं भी किसान भूमि धारक का दर्जा नहीं दिया गया था''। हालांकि, इन दस्तावेजों में महिलाएँ शहरी संपत्ति के धारक के रूप में दिखाई पड़ती हैं। कोटा क्षेत्र के दस्तावेजों से पता चलता है कि शाही परिवार की महिलाओं को अक्सर बगीचे जैसी जमीनें दी जाती थी। इन बागों का प्रबन्धन अक्सर संबंधित महिला की इच्छा के अनुसार किया जाता था और उनसे होने वाली आय उनके ही पास जाती थी।

जबकि हम निर्देशात्मक वैधानिक प्रणालियों को महिलाओं की असमान स्थिति को स्थापित करने के रूप में देख सकते हैं, लेकिन यह दिखाने के लिए भी महिलाओं ने यद्यपि सीमित रूप से ही, अपनी स्थिति की रक्षा के लिए, अपने अधिकारों का दावा पेश किया। हसन मेहर अनुबन्धों और उनमें प्रस्तावित शर्तों का उदाहरण देते हैं। मेहर विवाह के समय हस्ताक्षरित अनुबंध थे, जो पुरूषों को परिवार के मुखिया के पद पर नियुक्त करते थे। उनमें विवाह रद्द करने की शर्तें भी शामिल थीं। सत्रहवीं शताब्दी के खम्बात के दस्तावेजों में हिन्दू और मुस्लिम दोनों महिलाओं को विवाह के अनुबन्धों में शर्तें जोड़ते हुए देखा गया था। हसन मेहर दस्तावेजों में आमतौर पर पाई जाने वाली चार शर्तों का उदाहरण देते हैं:

1) आदमी को दूसरी शादी नहीं करनी थी,

2) वह अपनी पत्नी को इतनी बेरहमी से डंडों से नहीं मारेगा कि उसके शरीर पर चोट के निशान रह जाए,

3) वह अपनी पत्नी को अपनी अनुपस्थिति के दौरान पर्याप्त भरण–पोषण प्रदान किये बिना छः से बारह महीने की निर्धारित अवधि से अधिक नहीं छोड़ सकता था,

4) वह दासी को रखैल के रूप में नहीं रखेगा।''

'आर्थिक रूप से कमजोर सामूहिक समूहों के बीच' विवाहों में भी शर्तें रखी गई। इन अनुबन्धों में, मुख्य चिंता रख–रखाव के बारे में थी (हसन, 2006)।

शर्तों के उल्लघंन पर इन अनुबंधों को कानून की अदालत में ले जाया गया। हसन का तर्क है कि इन उदाहरणों ने प्रदर्शित किया है कि इन वैधानिक कार्यवाहियों के माध्यम से, महिलाएँ शरिया का अधिग्रहण कर रही थी। वे निर्देशात्मक प्रणाली को एक प्रतिरोध के स्थल के रूप में उपयोग कर रही थी। साथ ही मुकदमेंबाजी की प्रक्रिया में प्रवेश करके, महिलाएँ स्थानीय स्तर पर सत्ता की संरचनाओं को आकार दे रहीं थी।

17.7 रूढ़िवादी धारणाओं पर पुनर्विचारः पुनर्विवाह और वधू मूल्य

दरबारी इतिवृत से आगे बढ़ते हुए, विशेष रूप से देशी भाषाओं के अभिलेखागारों के माध्यम से, इतिहासकारों ने ग्रामीण समाज में जेन्डर संबंधों की जाँच–पड़ताल की है। राजस्थान

राज्य अभिलेखागार में गाँव के स्तर के दस्तावेजों का एक समृद्ध भंडार है, जिसका रखरखाव मुख्य रूप से रियासतों द्वारा किया जाता था। इनमें से अधिकांश अभिलेख सत्रहवीं शताब्दी के अन्त से उपलब्ध हैं, लेकिन उनका बहुसंख्यक भाग अठाहरवीं और उन्नीसवीं शताब्दी से संबंधित है।

मारवाड़ क्षेत्र के लिए उपलब्ध देशी भाषा में लिखे गए प्रशासनिक स्रोतों की जाँच करते हुए, शशि अरोड़ा और कैलाश रानी ने सुझाव दिया कि मारवाड़ क्षेत्र में विधवा पुनर्विवाह एक अत्यधिक विवादित मुद्दा था। इस सवाल के इर्द–गिर्द होने वाली बहसें इस क्षेत्र की राजनैतिक अर्थव्यवस्था के मुद्दों को सामने लाती है, जहाँ महिलाओं का श्रम, विशेष रूप से प्रजनन शक्ति, उत्पादन प्रक्रिया को जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण था। पितृ–सत्तात्मक व्यवस्था में महिलाओं के जीवन पर जो अधिमूल्य (प्रिमियम) रखा जाता है वह शाब्दिक रूप से विरोधाभासी प्रतीत होता है। हालांकि इस व्यवस्था में, मानव श्रम गतिमान ऊर्जा का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत था। परिणामस्वरूप, संतोत्पत्ति पर एक अधिमूल्य था। महिलाओं को 'ऊर्जा संसाधनों' के रूप में महत्व दिया जाता था।

इसके अतिरिक्त, विधवा पुनर्विवाह के दौरान यहाँ तक कि क्षेत्र की अन्य जातियों में भी वधू मूल्य के दावा करने की प्रथा व्यापक रूप से प्रचलित थी। अभिलेखागार दिखाते है कि पिता और/या ससुर और बहनोई ने विधवा के पुनर्विवाह के अधिकार का दावा किया।

यद्यपि आधुनिक परिवारों में महिलाओं द्वारा किये गये श्रम को मान्यता नहीं दी जाती है, लेकिन इसे पहले के समय में विधिवत मान्यता दी गई थी, जिससे अक्सर परस्पर विरोधी दावे होते थे। हम ग्रामीण समाज में महिलाओं के अनेक उदाहरण पाते हैं, जहाँ वे परिवार और यहाँ तक कि राज्य के संबंध में अपनी व्यक्तिकता और सीमित अधिकारों का दृढ़ता से दावा करती हैं। इसके अलावा, राज्य ने उनके दावों को संज्ञान लेते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। संपत्ति पर दावों को मान्यता दी गई और उनकी रक्षा की गई। राजस्थान में, हमें ऐसे उदाहरण मिलते हैं, विशेषकर विधवाओं के बीच में जहाँ निम्न जाति/वर्ग की स्थिति की महिलाओं ने बलात्कार या विवाह में विश्वासघात या जीवन साथी चुनने में प्रतिबंध के खिलाफ अपनी शिकायतों के निवारण के लिए राज्य से संपर्क साधा।

बोध प्रश्न 2

1) गणिका और दरबारी शिष्टाचार पर एक टिप्पणी लिखिये।

....

....

....

....

2) आरंभिक आधुनिक राजस्थान मे पुनर्विवाह व वधु मुल्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

....

....

....

....

17.8 सारांश

प्रारंभिक आधुनिक काल की हमारी समझ को राजनीति और सामाजिक आर्थिक प्रक्रियाओं की जेन्डर–आधारित प्रकृति को ध्यान में रखना चाहिए। आदर्श पुरूषत्व के रूप में राजा की सत्ता की अभिव्यक्ति को ढाला गया था। साम्राज्य के वंश प्रधान के रूप में राजा का निरूपण एक विषम लैंगिक परिवार और कुटुम्ब के मुखिया के रूप में उसकी भूमिका को प्रतिबिंबित करता है। इस परिवार में, महिलाएँ सत्ता के संजाल में महत्वपूर्ण बिन्दू थीं। हम देखते हैं कि महिलाएँ शाहीकर्त्ताओं के रूप में अपनी सार्वजनिक उपस्थिति का दावा करती हैं। विशेषकर, अपने लेखन के माध्यम से और सबसे स्पष्ट रूप से उनकी स्मारकीय निर्माण की परियोजनाओं के माध्यम से महिलाएँ जिसे अब हम मुगल संस्कृति के रूप में पढ़ रहे हैं, उसके निर्माण के लिए केन्द्रीय भूमिका में थीं। इसमें व्यवहार के शिष्टाचार, सामाजिक अन्तःक्रिया के रूप और सौन्दर्य और भौतिक व्यवहार की प्रथाएँ शामिल थी। महिला कलाकारों की उपस्थिति राजनैतिक–सांस्कृतिक क्षेत्र के अन्य इतिहासों को प्रकट करती है, और अन्यथा अविसनीय व्यक्तित्वों को शक्ति प्रदान करती है।

शासकीय अभिजात्य वर्ग के क्षेत्र के बाहर भी, महिलायें संपत्ति के धारक और औद्योगिक उत्पादन और वाणिज्य के क्षेत्र में कर्त्ताओं के रूप में दिखाई देती हैं। मुकदमे बाजी के कृत्यों के माध्यम से महिलाओं ने शासन की निर्देशात्मक प्रणालियों को आकार दिया। उन्होंने अपने सीमित अधिकारों का दृढ़ता से दावा पेश किया और उनके लिए सुरक्षा का प्रयास किया। ग्रामीण समाज में, प्रजनन और कृषि दोनों में महिलाओं के श्रम को महत्वपूर्ण मूल्य दिया गया था। यह विधवा पुनर्विवाह और वधू मूल्य की प्रथा के इर्द–गिर्द बहसों में देखा जा सकता है।

प्रारंभिक आधुनिक काल का एक लैंगिक परिप्रेक्ष्य उस अवधि का एक समृद्ध पठन बनाता है और इसके बारे में नये प्रश्न खड़े करता है।

17.9 बोध प्रश्नों के उत्तर

बोध प्रश्न 1

1) भाग 17.2 देखें।

2) भाग 17.3 देखें।

बोध प्रश्न 2

1) भाग 17.5 देखें।

2) भाग 17.7 देखें।

इस इकाई के लिए कुछ उपयोगी अध्ययन सामग्री

Anooshahr. Ali. 2008. “The King Who Would Be Man: The Gender Roles of the Warrior King in Early Mughal History.” *Journal of the Royal Asiatic Society*, vol. 18, no. 3. pp. 327–340.

Bokhari, Afshan. 2015. “Masculine Modes of Female Subjectivity: The Case of Jahanara Begam”. In Malhotra and Lambert-Hurley, ed. pp. 165-202.

Gould. Rebecca. 2011. "How Gulbadan Remembered: The Book of Humayun as an Act of Representation". *Early Modern Women: An Interdisciplinary Journal*. vol. 6

Habib. Irfan. 2020. "Women in BrajBhum (Mathura Region): A Glimpse through Mughal- Period Documents". *Studies in People's History*. Vol. 7, No. 2. pp. 137-144.

Hasan, Farhat. 2006. *State and Locality in Mughal India: Power Relations in Western India. C.1572-1730*. Kiribati: Cambridge University Press.

Juneja, Monica. 2009. "Translating the Body Into Image. The Body Politic and Visual Practice at the Mughal Court During the Sixteenth and Seventeenth Centuries" *Paragrana*, vol. 18, no. 1. pp. 243-266.

Lahori. Abdul Hamid. 1868.*Padshahnama*, vol. II. ed. MaulaviKabiruddin Ahmad and Maulavi Abul Rahim, Calcutta: Asiatic Society of Bengal

Lal, Ruby. 2005. *Domesticity and Power in the Early Mughal World*. Delhi: Cambridge University Press.

Malhotra. Anshu & Lambert-Hurley, Siobhan. Ed. 2015. *Speaking of the Self: Gender, Performance, and Autobiography in South Asia*. Place: Duke University Press.

Moosvi. Shireen. 2014. "The invention and persistence of a legend—The Anarkali Story". *Studies in People's History*. Vol.1, Number. 1, pp. 63–68

O'Hanlon, Rosalind. 1999. " Manliness and Imperial Service in Mughal North India". *Journal of the Economic and Social History of the Orient.* Vol. 42 No.1, pp. 47-93

Peirce, Leslie P. 1993. *The Imperial Harem: Women and Sovereignty in the Ottoman Empire*. PLACE: Oxford University Press.

Rogers, Alexander tr. 1909. Rpt. 2003.*The Tuzuk iJahangiri or Memoirs of Jahangir*, ed. Henry Beveridge. New Delhi: MunshiramManoharlal Publishers Pvt Ltd.

Schofield, K.B. 2012. "The Courtesan Tale: Female Musicians and Dancers in Mughal Historical Chronicles, *c*.1556–1748". *Gender & History*, Vol. 24. pp 150-171

Sharma, Karuna. 2007. "The Social World of Prostitutes and Devadasis: A Study of the Social Structure and Its Politics in Early Modern India". *Journal of International Women's Studies*. Vol. 9, No.1, pp 297-310.

Sharma. Karuna. 2009. "A Visit to the Mughal Harem: Lives of Royal Women". *South Asia: Journal of South Asian Studies.* Vol. 32, No. 2, pp 155-169

Tandon. Shivangini. 2015. "Negotiating Political Spaces and Contested Identities: Representation of Nur Jahan and her Family in Mughal Tazkiras" *The Delhi University Journal of the Humanities & the Social Sciences.* Vol. *2,* pp. 41-50

Zaman. Taymiya R. 2011. "Instructive Memory: An Analysis of Auto/Biographical Writing in Early Mughal India". *Journal of the Economic and Social History of the Orient.* Vol. 54, No.5, pp. 677-700.

Devra Shashi Arora. 2019. 'Madhyayugeen Rajasthan ki Naari Sahyogi ya Ashrita'. *Presidential Address, Rajasthan History Congress, XXXIII Session.* Jodhpur.

Rani Kailash. 2017. 'Claims and Counterclaims: Widow Remarriage in Eighteenth Century Marwar', in *Revisiting the History of Rajasthan: Essays for Prof. Dilbagh Singh*, eds., Suraj Bhan Bhardwaj, R P Bahuguna & Mayank Kumar. Delhi: Primus, pp. 294-307.

Rao, Narayan Singh. 2002. *Rural Economy and Society : A study of the South-Eastern Rajasthan during the Eighteenth Century.* Jaipur: Rawat Publication.